# पुलिस थाना-राजातालाब, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## उत्तर प्रदेश पिन नं-221108

सी.यू.जी. नं.-7839856924 ई-मेल- policerajatalab@gmail.com

# प्रेस नोट

## मु0अ0सं0 0105/2023 धारा 379/411 भादवि थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी व प्रभारी निरीक्षक महोदय राजातालाब कमि0 वाराणशी के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में बढते अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.11.2023 को मैं उ0नि0 विवेकानन्द द्विवेदी मय हमराह उ0नि0 राजेश सिंह के साथ थाना हाजा से प्रस्थान कर देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन से मय गिरफ्तार शुदा 01 नफर अभियुक्त 1. आर्यन पुत्र दिनेश कुमार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी हस्व हुलिया जैल मुशम्मी हुलिया सावला रंग इकहरा मजबूत जिस्म आँख कान नाक कद औसत मय एक किता फर्द मय बरामदशुदा एक काले रंग का एन्ड्रायड मोबाइल मय सील सर्व मोहर मय नमूना मोहर के जेर हिरासत हमराही अधि0कर्म0गण व निगरानी खुद के उपस्थित थाना आया अभियुक्त के बाद लिवाने मजीद जामा तलाशी संतरी पहरा के लिया गया तो दाहिने जेब से 50 रुपये की एक नोट व 1010 की तीन नोट कुल 80 रुपये बरामद हुआ। बरामद जामातालाशी के रुपयो की चिट बंदी की गयी। जिस्म जरवात चोटो से पाक साफ है कोई जाहिरा चोट नही है। पुलिस दुर्वयहार का निन्दक नही है। गमे गिरफ्तारी खुराक खाने से मुनकिर है हस्व इच्छा खुराक दी जायेगी। अभियुक्त को अन्दर हवालात मर्दाना किया गया जिसमें पूर्व से 02 नफर अभियुक्त जिन्दा ठीक मौजूद है। अन्दर मालखाना से रिहायशी कम्बल दिया गया ताला मालखाना व हवालात बन्द ठीक संतरी पहरा को दिखाया गया। चाभी पूर्ववत है। विवरण कार्य सरकार व गिरफ्तारी अभि0 मुन्दर्जा फर्द है फर्द गिरफ्तारी 01 नफर अभियुक्त व बरामदगी 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल संवंधित मु0अ0सं0 105/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 आज दिनांक 26.11.2023 को मै उ0नि0 विवेकानन्द द्विवेदी व हमराह उ0नि0 राजेश सिंह के मु0अ0सं0 105/2023 धारा 379 भा0द0वि0 से संवंधित माल मुल्जिम के पतारसीसुरागरसी मे रवाना होकर कस्बा राजातालाब मे मामूर था कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि एक व्यक्ति जमुआ मोड पर खडा है, जिसके पास चोरी का मोबाइल है, जिसे वह बेचने के लिए किसी का इन्तजार कर रहा है यदि जल्दी करे तो मिल सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके मय मुखबिर के रेलवे क्रासिंग राजातालाब क्रास करके जैसे ही पहुंचा कि दूर से ही मुखबिर ने जमुआ मोड तिराहे पर जमुआ की तरफ जाने वाले रास्ते पर खड़े अकेले लड़के की तरफ इशारा करके बताया जो लडका नीले कलर का जिन्स व मटमैले कलर का जैकेट पहना हुआ है वही है बताकर मुखबिर वापस चला गया। हम पुलिस वाले एकबारगी उस खड़े लड़के के पास पहुचे कि हम लोगो को देखकर भागने का प्रयास किया कि उसे पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पूछने पर उसने अपना नाम आर्यन पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम महमूदपुर थाना लोहता वाराणसी उम्र 19 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाश ली गयी तो पहने हुए जिस के बाई जेब से एक काले रंग का एन्ड्रायड मोबाइल बरामद हुआ तथा दाहिने जेब से 50 रुपये की एक नोट व 1010 रुपये की तीन नोट कुल 80 रुपये बरामद हुआ। बरामद मोबाईल का आईएमईआई नम्बर चेक किया गया तो, आईएमईआई नं0

869345060534103, मोडेल रेडमी 10A जिसका सिम नम्बर पूछा गया तो बताया कि इस समय कोई सिम नही लगा है तथा यह मोबाइल किसका है पूछने पर चुप हो गया कडाई से पूछने पर बताया कि यह मोबाइल 4 से 5 महीने पहले भीमचण्डी से चोरी किया था, जिसे बेचने के लिए आज इधर आया था कि आप लोगो ने पकड़ लिया बरामद मोबाइल का आईएमईआई 869345060534103 मुकदमा अपराध संख्या 105/23 धारा 379 भा0द0वि0 मे चोरी गये मोबाइल की आईएमईआई से मिलान किया गया तो बरामद मोबाइल का आइएमईआई मुकदमा उपरोक्त मे चोरी किये गये मोबाइल का ही है बरामद मोबाइल को कब्जा पुलिस मे लेते हुए अभियुक्त उपरोक्त को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए कि धारा 379/411 भा0दवि का जुर्म है समय 12.40 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया। गिरफ्तारी के समय मानवाधिकार आयोग व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया गया।

**गिरफ्तार का विवरणः-**

1.. आर्यन पुत्र दिनेश कुमार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी

**बरामदगी का विवरणः-** एक अदद एन्ड्रायड मोबाइल मोडेल रेडमी 10A

**अपराधिक इतिहास-** निल

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय -**

दिनांक 26.11.2023 समय 12.40 बजे घटनास्थल जमुआ मोड तिराहा थाना राजतालाब जनपद वाराणसी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1.. उ0नि0 विवेकानन्द द्विवेदी थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी।

2. उ0नि0 राजेश सिंह थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

प्रभारी निरीक्षक

थाना राजातालाब

पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी